# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
## बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

**दिनांक २९.०८.२०२२ को पूर्वाह्न ११.०० बजे आयोजित विद्यापरिषद् की षष्ठ बैठक का कार्यवृत्त।**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली की विद्या परिषद् की षष्ठ बैठक दिनांक 29.08.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता मे वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मुरलीमनोहर पाठक | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. मृदुला त्रिपाठी | बाह्य सदस्य |
| 3. | प्रो. बनारसी त्रिपाठी | बाह्य सदस्य |
| 4. | प्रो. मनोज कुमार मिश्र | बाह्य सदस्य |
| 5. | प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय | सदस्य |
| 6. | प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित | सदस्य |
| 7. | प्रो. प्रेम कुमार शर्मा | सदस्य |
| 8. | प्रो. रमेश प्रसाद पाठक | सदस्य |
| 9. | प्रो. वीर सागर जैन | सदस्य |
| 10. | प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा | सदस्य |
| 11. | प्रो. केदार प्रसाद परोहा | सदस्य |
| 12. | प्रो. सदन सिंह | सदस्य |
| 13. | प्रो. सविता | सदस्य |
| 14. | प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल | सदस्य |
| 15. | प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी | सदस्य |
| 16. | प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य |
| 17. | डॉ. एस.सुदर्शन | सदस्य |
| 18. | प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य |
| 19. | प्रो. रामानुज उपाध्याय | सदस्य |
| 20. | प्रो. नीलम ठगेला | सदस्य |
| 21. | प्रो. यशवीर सिंह | सदस्य |
| 22. | प्रो. के. अनन्ता | सदस्य |

| | |
|---|---|
| 23. प्रो. शिवशंकर मिश्र | सदस्य |
| 24. प्रो. मीनू कश्यप | सदस्य |
| 25. प्रो. कल्पना जैन | सदस्य |
| 26. प्रो. कुलदीप कुमार | सदस्य |
| 27. प्रो. धर्मानन्द राउत | सदस्य |
| 28. प्रो. प्रभाकर प्रसाद | सदस्य |
| 29. डॉ. आदेश कुमार | सदस्य |
| 30. डॉ. मनोज कुमार मीणा | सदस्य |
| 31. प्रो. भागीरथि नन्द | सदस्य |
| 32. प्रो. वृन्दावन दाश | सदस्य |
| 33. प्रो. महानन्द झा | सदस्य |
| 34. प्रो. सुजाता त्रिपाठी | सदस्य |
| 35. प्रो. ए.एस. आरावमुदन | सदस्य |
| 36. प्रो. जगदेव कुमार शर्मा | सदस्य |
| 37. डॉ. अशोक थपलियाल | सदस्य |
| 38. डॉ. फणीन्द्र चौधरी | सदस्य |
| 39. डॉ. एन.पी. सिंह | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 40. श्री अजय कुमार टण्डन | कुलसचिव (प्रभारी) सचिव |

अवकाश पर होने के कारण डॉ. अलका राय, कुलसचिव (प्रभारी) बैठक में उपस्थित नहीं हो सकी। उनके स्थान पर श्री अजय कुमार टण्डन कुलसचिव (प्रभारी) द्वारा सचिव के रूप में विद्या परिषद् की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल, पीठ प्रमुख (साहित्य एवं संस्कृति) के मंगलाचरण उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

प्रो. मुरलीमनोहर पाठक, अध्यक्ष, विद्या परिषद् द्वारा विद्या परिषद् में उपस्थित बाह्य सदस्यों एव अन्य सभी सदस्यों का अभिनन्दन किया गया तथा सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में अधिक से अधिक सुझाव एवं मार्गनिर्देशन प्रदान करने का अनुरोध किया गया। उन्होनें कोविड्-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशानुसार ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से सुचारू रूप से संचालित करने हेतु समस्त सदस्यों की प्रशंसा की एवं उनको बधाई दी।
कुलपति महोदय की स्वीकृति के उपरान्त कुलसचिव (प्रभारी) द्वारा विद्या परिषद् की षष्ठ बैठक के लिए तैयार कार्यसूची को क्रमानुसार प्रस्तुत किया गया।

**संकल्प संख्या ६.१: विद्या परिषद् की दिनांक १८.०१.२०२२ को सम्पन्न पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि। ।**

विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 18 जनवरी, 2022 को सम्पन्न हुई पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की की गई।

**संकल्प संख्या ६.२: विद्या परिषद् की दिनांक १८.०१.२०२२ को सम्पन्न हुई पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही के प्रतिवेदन की पुष्टि।**

दिनांक 18.01.2022 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद् की पंचम बैठक में लिये गये निर्णयों पर क्रियान्वयन के विषय पर प्रस्तुत कृत कार्यवाही की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि जिन विषयों पर कृत कार्यवाही अभी तक अपेक्षित है, सम्बन्धित विभाग / समिति उन विषयों पर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करें। विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 18.01.2022 को आयोजित विद्या परिषद् की पंचम बैठक में संकल्प संख्या 5.17(4) एवं 5.18 (5) जिनका विवरण निम्न प्रकार से है, से सम्बन्धित विषयों पर विचार विमर्श के उपरान्त निम्न सुझाव दिये:-

**१. पृथक से क्रीड़ा विभाग की स्थापना के सम्बन्ध में।**

विद्या परिषद् द्वारा प्रभारी खेल कूद द्वारा दिये गये मौखिक प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए यह निर्णय लिया गया था कि अन्य विश्वविद्यालयों की भांति इस विश्वविद्यालय में भी क्रीड़ा विभाग की स्थापना की जा सकती है।
इस सम्बन्ध में विद्या परिषद् द्वारा इस विश्वविद्यालय में भी क्रीड़ा विभाग की स्थापना हेतु प्रभारी खेल कूद द्वारा दिये गये प्रस्ताव को संज्ञान में लेते हुए सर्वसम्मति से यह सुझाव दिया गया कि उक्त प्रस्ताव को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा स्थापित क्रीड़ा विभाग की संरचना एवं अन्य क्रिया कलापों को संज्ञान में लेते हुए प्रस्ताव तैयार कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रेषित करने के लिए अवलोकन कर कृत कार्यवाही हेतु एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया। विद्या परिषद् द्वारा उक्त सम्बन्ध में समिति के गठन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत करने का निर्णय लिया।

**विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग तथा प्रो. प्रेम कुमार शर्मा ज्योतिष विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के सन्दर्भ में।**

विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग द्वारा अपने विभाग के अन्तर्गत एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम तथा प्रेम कुमार शर्मा, ज्योतिष विभाग द्वारा ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत आधुनिक विषयों (गणित विज्ञान, खगोल शास्त्र आदि) को संचालित करने के मौखिक प्रस्ताव के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उपर्युक्त विभागों के अन्तर्गत नए पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग के अध्ययन मण्डल की

बैठकें आयोजित कर विस्तृत प्रस्ताव स्वीकृत हेतु प्रस्तुत करेंगे। तदुपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी।
विद्या परिषद् के संज्ञान में लाया गया कि विद्या परिषद् की पंचम बैठक में लिये गये उपरोक्त निर्णय के अनुपालन में मानविकी विभाग द्वारा एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक 23.06.2022 एवं 24.06.2022 को अध्ययन मण्डल की बैठक आयोजित की गई। अध्ययन मण्डल द्वारा पारित संस्तुतियों के अनुसार सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 से एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत आधुनिक विषयों (गणित विज्ञान, खगोल शास्त्र आदि) को संचालित करने के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि ज्योतिष विभाग उपर्युक्त नये विषयों हेतु पाठ्यक्रम विवरण, प्रवेश आर्हता प्रवेश हेतु निर्धारित स्थान तथा अन्य सम्बन्धित दिशा-निर्देश तैयार कर अध्ययन मण्डल की बैठक आयोजित कर कृतकार्यवाही की रिपोर्ट विद्या परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत करें। तदुपरान्त नियमानुसार नये विषयों को संचालित करने पर विद्या परिषद् द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

**<u>संकल्प संख्या ६.३</u>: शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत माह जनवरी २०२२ से जुलाई २०२२ तक विद्यावारिधि (पी.एच.डी) छात्रों की सूची विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत (22) शोध छात्रों को जारी अस्थायी प्रमाण-पत्र की सूची की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई । विद्या परिषद् द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय भाषा दक्षता तथा शोध प्रबन्ध तैयार करने हेतु निर्धारित सभी नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी साहित्यिक चोरी रोकथाम विनियम में प्रदत्त सभी नियमों से भी अवगत करवाया जाए ताकि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

**<u>संकल्प संख्या ६.४</u>: राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार स्नातक स्तर की उपाधि (तीन/चार वर्ष की अवधि) शास्त्री / बी.ए. योग प्रथम वर्ष (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीस वर्ष के लिए) पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु गठित पाठ्यक्रम प्रारूप समिति की दिनांक ६.०४.२०२२ को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त तथा विभागों द्वारा तैयार नवीन पाठ्यक्रम विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में पाठ्यक्रम प्रारूप समिति द्वारा तैयार शास्त्री/बी.ए. योग, प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के छात्रों हेतु निर्धारित नवीन पाठ्यक्रम प्रारूप को विश्वविद्यालय में लागू करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। सभी विभाग नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार ही अध्ययन अध्यापन सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार स्नातक स्तर की उपाधि (तीन/चार वर्ष की अवधि) शास्त्री / बी.ए. योग चतुर्थ वर्ष हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप निर्धारित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

<u>संकल्प संख्या ६.५</u>: परीक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

1. शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ से सम्बन्धित छात्रों की जनवरी/फरवरी/मार्च माह में शास्त्री, बी.ए. योग (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सैमेस्टर), आचार्य, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (प्रथम एवं तृतीय सैमेस्टर) अंशकालीन पाठ्यक्रम (षाण्मासिक, प्रथम एवं तृतीय सत्र), एम.ए. हिन्दी साहित्य, एम.ए. हिन्दू अध्ययन (प्रथम सैमेस्टर), पुनः परीक्षार्थियों एवं विशिष्टाचार्य द्वितीय सैमेस्टर के छात्रों की परीक्षाओं का दिनांक २०.०४.२०२२ (अधिसूचना -०१/२०२२) को जारी किया गया परीक्षा परिणाम सूचनार्थ प्रस्तुत।

शैक्षणिक-सत्र 2021-22 (प्रथम सेमेस्टर) के शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य की परीक्षाएं (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सैमेस्टर की सत्रीय एवं पुनः परीक्षा) नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएं ऑनलाइन (वाट्सऐप) के माध्यम से करवाई गई तथा परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

2. कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार विशिष्टाचार्य द्वितीय सैमेस्टर के छात्र अच्युत कान्त जैन अनुक्रमांक-२१५२९ की मौखिक परीक्षा मई, २०२२ में सम्पन्न होने के उपरान्त दिनांक ०२.०६.२०२२ (अधिसूचना -०२/२०२२) को जारी कर परीक्षा परिणाम घोषित करने का कार्य सूचनार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा विभाग द्वारा उक्त कार्य को नियमानुसार सम्पन्न करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

3. शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ शिक्षाशास्त्री (चतुर्थ सैमेस्टर) नियमित परीक्षार्थियों के दिनांक १४.०७.२०२२ (अधिसूचना -०३/२०२२) को जारी किया गया परीक्षा परिणाम सूचनार्थ प्रस्तुत।

विद्या परिषद् द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 से सम्बन्धित शिक्षाशास्त्री (चतुर्थ सैमेस्टर) के नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम की पुष्टि की गई।

4. एम.ए. हिन्दू अध्ययन प्रथम सैमेस्टर एवं एकवर्षीय कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अंकतालिका सूचनार्थ प्रस्तुत।

परीक्षा विभाग द्वारा तैयार एम.ए. हिन्दू अध्ययन प्रथम सैमेस्टर एवं एकवर्षीय कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अंकतालिका को जारी करने की विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

5. शैक्षणिक सत्र २०२१-२२ से सम्बन्धित छात्रों की जून एवं जुलाई माह में शास्त्री, बी.ए. योग (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर), आचार्य, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) अंशकालीन पाठ्यक्रम (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर), एम.ए. हिन्दी साहित्य, एम.ए. हिन्दू अध्ययन (द्वितीय सैमेस्टर), विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम एवं पुनः परीक्षार्थियों के छात्रों की परीक्षाओं का दिनांक २०.०४.२०२२ (अधिसूचना -०१/२०२२) को जारी किया गया परीक्षा परिणाम सूचनार्थ प्रस्तुत।

शैक्षणिक-सत्र 2021-22 के शास्त्री, बी.ए.योग, आचार्य, एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य की परीक्षाएं (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर की सत्रीय एवं पुनः परीक्षा) नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत छात्रों की सत्रीय परीक्षाएं ऑनलाइन (वाट्सऐप) के माध्यम से करवाई गई तथा परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.६</u>: शैक्षणिक सत्र २०२२-२३ में नियमित एंव अंशकालीन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक नियम परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्या परिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में नियमित एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक-नियम-परिचायिका तैयार करने हेतु गठित समिति द्वारा शैक्षणिक नियमपरिचायिका 2022-23 को तैयार करने हेतु पारित संस्तुतियों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.७</u>: विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक कैलेण्डर २०२२-२३ तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक कैलेण्डर 2022-23 तैयार करने हेतु गठित समिति के कार्यवृत्त की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। विशेष कार्याधिकारी परीक्षा द्वारा विद्या परिषद् के सदस्यों को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शास्त्री/बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा किया जायेगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा परीक्षा समय सारिणी में किये गये परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि यदि शैक्षणिक कैलेण्डर में संशोधन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा किसी प्रकार के दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाते है तो शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर में वांछित संशोधन करने हेतु पुनः शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार करने हेतु गठित समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी। तदुपरान्त सम्बन्धित गतिविधियाँ संशोधित कैलेण्डर के अनुसार ही सम्पन्न की जायेंगी।

**<u>संकल्प संख्या ६.८</u>: शैक्षणिक सत्र २०२२-२३ में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एंव विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में लिखित प्रवेश परीक्षा (प्रवेश परीक्षा २०२२-२३) आयोजित करने हेतु गठित संचालन समिति (Steering Committee) की समय समय पर आयोजित बैठकों का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा 2022 आयोजित करने हेतु नीति निर्धारण करने के सम्बन्ध में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गठित Steering Committee की समय-समय पर आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यवृत्त को विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.९</u>: शैक्षणिक तथा अन्य विषयों पर विचार विमर्श करने हेतु गठित पीठ प्रमुखों एंव अधिकारियों की समय-समय पर आयोजित बैठकों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर पीठ प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठकें आयोजित की गई। बैठकों में लिये गये निर्णयों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को विस्तार प्रदान करने हेतु अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को सम्बद्धता प्रदान करनें के लिये दिशा-निर्देश, अध्यादेश एवं प्रार्थना पत्र आदि का प्रारूप तैयार करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समिति का गठन किया गया तथा समिति द्वारा तैयार किये गये उक्त प्रारूप को दिनांक 14.07.2022 को संकाय प्रमुखों की बैठक में प्रस्तुत कर लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने एवं उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रकाशित कर इच्छुक शैक्षणिक संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित करने का अनुमोदन किया गया था। विद्या परिषद् द्वारा सम्बद्धता प्राप्त करने हेतु समिति द्वारा तैयार किये गये अध्यादेश प्रारूप, दिशा-निर्देश एवं प्रार्थना पत्र के प्रारूप एवं संकाय प्रमुखों की बैठक में लिये गये निर्णयों की स्वीकृति एवं पुष्टि की गई। बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को सम्बद्धता प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रितं करने हेतु आवश्यक सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रेषित की जा चुकी है। विद्या परिषद् द्वारा अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को सम्बद्धता प्रदान करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णयों की सराहना की गई तथा माननीय कुलपति महोदय को बधाई दी गई।

विद्या परिषद् द्वारा दिनांक 14.07.2022 को पीठ प्रमुखों की बैठक में उपर्युक्त विषय के अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 से विश्वविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास को महिला छात्राओं के लिये आवंटित करने के सन्दर्भ में लिये गये निर्णय, सम्बद्धता प्रदान करने से सम्बन्धित कार्यों को सम्पन्न करने हेतु पृथक विभाग की स्थापना एवं अन्य विषयों पर लिये गये निर्णयों को नियमानुसार विश्वविद्यालय में लागू करने की पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ६.१०: मानविकी विभाग के अन्तर्गत एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक २३.०६.२०२२ एवं २४.०६.२०२२ को आयोजित अध्ययन मण्डल की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

आधुनिक विद्या पीठ के अन्तर्गत मानविकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णयानुसार एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक 23.06.2022 एवं 24.06.2022 को अध्ययन मण्डल की बैठक आयोजित की गई। अध्ययन मण्डल की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 में एम.ए. अंग्रेजी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित को ध्यान में रखते हुए नए पाठ्यक्रमों को संचालित करने हेतु लिए गए निर्णयों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ६.११: स्वर्गीय डॉ. शारदा गाँधी, दिल्ली विश्वविद्यालय के नाम पर साहित्य विभाग की छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने की प्राप्त प्रस्ताव पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने हेतु गठित समिति की दिनांक २१.०६.२०२२ को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

स्वर्गीय डॉ. शारदा गाँधी, दिल्ली विश्वविद्यालय के नाम पर साहित्य विभाग (आचार्य प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष) की दो छात्राओं को सत्रीय परीक्षा में प्राप्त अंको की वरीयता के आधार पर प्रतिमाह 3,500/- रूपये छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव एवं उक्त विषय पर दिशा-निर्देश निर्धारित करने हेतु गठित समिति की दिनांक 21.06.2022 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार उक्त छात्रवृत्ति को शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रारम्भ करने हेतु समिति द्वारा लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की विद्यापरिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**संकल्प संख्या ६.१२: दिनांक ०५.०८.२०२२ को आयोजित आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

दिनांक 05.08.2022 को आयोजित आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक में लिए गए निर्णयों के कार्यवृत्त की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित विषयों पर आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट विकास विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करेंगे। विकास विभाग द्वारा सम्बन्धित विषयों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जायेगी।

**<u>संकल्प संख्या ६.१३</u>: शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा सातवें चरण में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण विद्या परिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय के शिक्षापीठ के अन्तर्गत स्थापित शिक्षण अधिगम केन्द्र की निदेशिका द्वारा प्रदत्त रिपोर्ट के अनुसार अधिगम केन्द्र द्वारा जनवरी से जुलाई 2022 तक विभिन्न विषयों पर 07 कार्यक्रम आयोजित किये गये । शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा उपर्युक्त अवधि में आयोजित किये गये कार्यक्रमों की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। माननीय कुलपति महोदय द्वारा शिक्षण अधिगम केन्द्र द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किये गए कार्यक्रमों के उपलक्ष्य में शिक्षण अधिगम केन्द्र की निर्देशिका प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज को बधाई दी गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.१४</u>: शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक १०.०७.२०२२ को आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा विद्यापरिषद् की सूचनार्थ प्रस्तुत ।**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं विद्यावारिधि पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 10.07.2022 को आयोजित लिखित प्रवेश-परीक्षा-2022 की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.१५</u>: आचार्य, एम.ए. योग, एम.ए. हिन्दी एवं एम.ए. हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक १७.०७.२०२२ को आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम विद्यापरिषद् के सूचनार्थ प्रस्तुत ।**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 में आचार्य, एम.ए. योग, एम.ए. हिन्दी एवं एम.ए हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए दिनांक 17.07.2022 को आयोजित लिखित प्रवेश-परीक्षा- 2022 एवं दिनांक 25.7.2022 को घोषित परीक्षा परिणाम की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.१६</u>: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट-२०२० में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार वेद-वेदांग, साहित्य एवं संस्कृति, दर्शन शास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं आधुनिक विद्या पीठम् के अर्न्तगत सभी विभागों के नवीन अध्ययन मण्डलों का गठन विद्या परिषद् के सूचनार्थ सादर प्रस्तुत।**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार सभी विभागों के गठित अध्ययन मण्डलों की पुष्टि की गई।

**<u>संकल्प संख्या ६.१७</u>: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट-२०२० में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार वेद-वेदांग, साहित्य एवं संस्कृति, दर्शन शास्त्र, शिक्षाशास्त्र एवं आधुनिक विद्या पीठम् के अर्न्तगत सभी विभागों के अध्ययन मण्डलों की बैठकें अगस्त माह में आयोजित की गई जिसका कार्यवृत्त विद्या परिषद् के सूचनार्थ सादर प्रस्तुत।**

विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में शास्त्री/बी.ए.योग तीन / चतुर्थ वर्षीय उपाधि हेतु प्रथम वर्ष (प्रथम, द्वितीय

एवं तृतीय वर्ष ) के नवीन पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप समिति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम विवरणानुसार सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित विषयों के नवीन पाठ्यक्रमों को अध्ययन मण्डल से संस्तुत करवाने हेतु विभागीय अध्ययन मण्डलों की बैठकें माह अगस्त 2022 में आयोजित की गई। अध्ययन मण्डलों द्वारा संस्तुत पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय में लागू करने की पुष्टि की गई।

विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि सभी विभागों द्वारा तैयार नवीन पाठ्यक्रम को पाठ्यक्रम पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य है ताकि सम्बन्धित विभागों एवं छात्रों को पाठ्यक्रम की जानकारी के सम्बन्ध में किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। पाठ्यक्रम को मुद्रण करवाने से सम्बन्धित प्रक्रिया प्रकाशन विभाग द्वारा की जाएगी।

विद्या परिषद् द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार नवीन पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु यदि किसी भी प्रकार के दिशा-निर्देश प्रेषित किये जाते हैं तो उक्त दिशा-निर्देशों के आलोक में सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम में वांछित संशोधन/परिमार्जन नवीनीकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर कृत कार्यवाही की रिपोर्ट कुलपति महोदय को प्रेषित करेंगे।

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विचारार्थ प्रस्तुत अन्य विषयः**

**<u>संकल्प संख्या ६.१८ ( १ )</u>: विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त आचार्यों की पुनः नियुक्त हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में सांख्ययोग विभाग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव विद्या परिषद् के विचारार्थ।**

उपर्युक्त विषय से सम्बन्धित सांख्ययोग विभागाध्यक्ष द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के उपरान्त विद्या परिषद् द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को संज्ञान में लेते हुए उक्त नियमों को विश्वविद्यालय में लागू करने के सम्बन्ध में रिपोर्ट तैयार करने हेतु एक विशेष समिति का गठन किया जा सकता है। उक्त समिति अपनी रिपोर्ट तैयार कर कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेंगी। समिति के गठन हेतु विद्या परिषद् द्वारा कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

**<u>संकल्प संख्या ६.१८ ( २ )</u>: मानविकी विभाग के अन्तर्गत एम.ए. समाजशास्त्र पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक २५.०८.२०२२ को आयोजित अध्ययन मण्डल की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

आधुनिक विद्या पीठ के अन्तर्गत मानविकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार एम.ए. समाजशास्त्र पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णयानुसार एम.ए. समाजशास्त्र पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक 25.08.2022 को आयोजित अध्ययन मण्डल की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में प्रवेश प्रक्रिया हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

विद्या परिषद् द्वारा इस विषय पर विचार विमर्श उपरान्त यह निर्णय भी लिया गया कि सम्बन्धित विषय हेतु जब तक नये अतिरिक्त पदों के सर्जन की स्वीकृति प्राप्त नहीं होती, तब तक इस पाठ्यक्रम के अध्ययन अध्यापन हेतु विभाग द्वारा अतिथि अध्यापकों की सेवाएें ली जा सकती है। इस सम्बन्ध में पद सृजन एवं अन्य कार्यो हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रशासन विभाग द्वारा की जायेगी।

**<u>संकल्प संख्या ६.१८ (३)</u>: दिनांक २४.८.२०२२ को कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित पीठ प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक में लिए गए निर्णयों का कार्यवृत्त (शैक्षणिक विषयों से सम्बन्धित) विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य विषयों के सन्दर्भ में विचार विमर्श कर निर्णय लेने हेतु दिनांक 24.08.2022 को कुलपति महोदय की अध्यक्षता में शैक्षणिक एवं अन्य विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लेने हेतु नीति निर्धारण करने के सन्दर्भ में समस्त पीठ प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित शैक्षणिक विषयों के सन्दर्भ में पारित संस्तुतियों का विवरण निम्न प्रकार से है-

1. **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्चतर शिक्षा में एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक की स्थापना और संचालन) विनियम 2021 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक से संबंधित दिशा-निर्देश तैयार किये जा चुके हैं। उक्त दिशा-निर्देशों को विश्वविद्यालय में लागू करने पर विचार।**

   विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक से संबंधित जारी विनियमों को विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु लिए गए निर्णयों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक से संबंधित विनियम प्रारूप की विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति की गई तथा इसे विश्वविद्यालय में लागू करने की पुष्टि भी की गई। उक्त विनियम शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रभावी होंगे। एकेडमिक क्रेडिट्स बैंक की संगठनात्मक संरचना के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही परीक्षा विभाग द्वारा संगणक विभाग के सहयोग से नेशनल एकेडमिक डिपोजटरी (NAD) के माध्यम से Digilocker के माध्यम से की जाएगी।

2. **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विश्वविद्यालय के नवीन Board of Research Studies से संबंधित अध्यादेश का प्रारूप तैयार किया जा चुका है। उक्त अध्यादेश को विश्वविद्यालय में लागू करने पर विचार।**

   केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित **Board of Research Studies** से संबंधित अध्यादेश के प्रारूप को विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति की गई तथा इसे विश्वविद्यालय में लागू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

3. दिनांक 31.03.2022 को पीठ प्रमुखों एवं अन्य अधिकारियों की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत स्वीकृति महिला अध्ययन केन्द्र की कार्य प्रणाली/गतिविधियों को वर्तमान में स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रदत्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु महिला अध्ययन केन्द्र को पुनः संचालित करने हेतु विचार।

उक्त विषय पर विचार-विमर्श के उपरान्त विद्या परिषद् द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों को संज्ञान में लेते हुए विश्वविद्यालय में स्थापित महिला अध्ययन केन्द्र की समस्त गतिविधियों को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की गई तथा यह निर्णय भी लिया गया कि महिला अध्ययन केन्द्र को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अनुदान एवं अन्य विषयों पर नियमानुसार विकास एवं लेखा विभाग द्वारा अतिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न कर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रस्ताव भेजा जाय।

4. विश्वविद्यालय का 17वां दीक्षांत समारोह दिनांक 21.04.2018 को आयोजित किया गया था। जिसमें शैक्षणिक सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधि प्रदान की गई थी। कोविड महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण विगत वर्षो में दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका। शैक्षणिक सत्र 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में उत्तीर्ण अन्तिम वर्ष के छात्रों को उपाधि प्रदान की जानी है। ताकि संबंधित छात्रों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार हेतु आवेदन पत्र भरते समय किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। विश्वविद्यालय द्वारा 18वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने पर विचार।

उक्त विषय पर विचार-विमर्श के उपरान्त विद्या परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 में प्रत्येक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण छात्रों को सम्बन्धित कक्षा की उपाधि दीक्षान्त से सम्बन्धित अध्यादेश में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार दीक्षांत समारोह का आयोजन न कर, छात्रों की अनुपस्थिति (Inabsentia) में विद्या परिषद् एवं कार्य परिषद् की स्वीकृति उपरान्त कुलपति की स्वीकृति से जारी की जा सकती है।

शैक्षणिक सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधि प्रदान करने हेतु विद्या परिषद् द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा 18वें दीक्षान्त समारोह का आयोजन दिसम्बर 2022/जनवरी 2023 माह में किया जा सकता है। दीक्षान्त समारोह की तिथि निर्धारित करने तथा मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

5. विश्वविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा हीरक जयन्ती समारोह का आयोजन करने पर विचार।

विश्वविद्यालय की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वविद्याल द्वारा हीरक जयन्ती के आयोजन सम्बन्धी प्रस्ताव पर विद्या परिषद् द्वारा गहन विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा एक विशेष समारोह (हीरक जयन्ती) का आयोजन किया जाए। समारोह का आयोजन

83

करने हेतु सम्बन्धित गतिविधियों, समय-सारिणी आदि सभी पीठ प्रमुखों द्वारा कुलपति महोदय को प्रस्तुत किया जाएगा।

उपरोक्त विषयों के अनुसार प्रत्येक विषय पर आवश्यक कार्यवाही सम्बन्धित विभाग द्वारा की जायेगी। शैक्षणिक विषयों के अतिरिक्त बैठक में अन्य विषयों पर लिये गये निर्णयों पर आवश्यक कार्यवाही प्रशासन द्वारा की जायेगी। तथा कृत कार्यवाही की रिपोर्ट विद्या परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत की जायेगी।

**संकल्प संख्या ६.१८ (४): शिक्षा पीठ के अन्तर्गत एम.ए. शिक्षा (M.A. Education) पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पाठ्यक्रम प्रारूप एवं अन्य दिशा-निर्देश निर्धारित करने के सम्बन्ध में दिनांक २४.०८.२०२२, २५.८.२०२२ एवं २६.८.२०२२ को आयोजित समिति की बैठक का कार्यवृत्त विद्यापरिषद की पुष्टि हेतु सादर प्रस्तुत।**

पीठ प्रमुख (शिक्षाशास्त्र) द्वारा शिक्षा पीठ के अन्तर्गत एम.ए शिक्षा पाठ्यक्रम को संचालित करने से सम्बन्धित दिशा-निर्देश एवं पाठ्यक्रम आदि निर्धारित करने हेतु गठित समिति की बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया तथा इस पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में शिक्षा पीठ के अन्तर्गत संचालित करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया। विद्या परिषद् द्वारा इस विषय पर गहन विचार विमर्श के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि पीठ प्रमुख शिक्षाशास्त्र इस पाठ्यक्रम को संचालित करने के सम्बन्ध में पीठ प्रमुख (शैक्षणिक) एवं अन्य महानुभावों की एक समिति का गठन कर अध्यापकों की उपलब्धता, अध्ययन-अध्यापन से सम्बन्धित सुविधाएं (कक्षा आदि) सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में इस पाठ्यक्रम को संचालित करने हेतु प्रस्तुत रिपोर्ट में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रारम्भ कर सकेंगे।

अन्त में धन्यवाद के साथ विद्या परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

(श्री अजय कुमार टण्डन)
कुलसचिव (प्रभारी) एवं सचिव

(प्रो. मुरलीमनोहर पाठक)
कुलपति एवं अध्यक्ष